पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

शिया पी0जी0 कालेज शिक्षक संघ ने वेतन मिलने पर राज्यपाल से मिलकर धन्यवाद दिया

लखनऊः 24 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में डाॅ0 अतहर हसन रिज़वी सचिव शिया पी0जी0 कालेज टीचर्स एसोसिएशन लखनऊ व अन्य पदाधिकारियों ने भेंट कर धन्यवाद दिया। शिया पी0जी0 कालेज के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान गत कई माह से लम्बित था। शिया पी0जी0 कालेज टीचर्स एसोसिएशन द्वारा राज्यपाल को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था, जिसका संज्ञान लेते हुए राज्यपाल द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को पत्र भेज प्रकरण में कार्यवाही करने को कहा गया था।